# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# अनुच्छेद 370 हटने के 7 साल : जम्मू-कश्मीर और लद्दाख बने शांति, विकास और सुशासन की नई पहचान – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

राजेश चौधरी

Published on 05 Aug 2026




अनुच्छेद 370 और 35A के विशेष प्रावधान समाप्त किए जाने के सात वर्ष पूरे होने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री **भजनलाल शर्मा** ने इसे भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री **अमित शाह** के दृढ़ क्रियान्वयन से यह निर्णय सफलतापूर्वक लागू हुआ और "**एक भारत, श्रेष्ठ भारत**" के संकल्प को नई मजबूती मिली।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में आया व्यापक बदलाव

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज, सात वर्षों बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शांति, सुशासन और विकास की नई पहचान बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, तेजी से विकसित हो रही आधारभूत संरचना, मजबूत कनेक्टिविटी, रिकॉर्ड पर्यटन, निवेश के अनुकूल माहौल तथा युवाओं और महिलाओं के लिए बढ़ते अवसर इस परिवर्तन के स्पष्ट प्रमाण हैं।

राष्ट्रहित में लिया गया ऐतिहासिक निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने का निर्णय राष्ट्रहित में लिया गया था और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत की आधारशिला साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले ने देश की एकता और अखंडता को नई शक्ति प्रदान की है।

देशवासियों को दी शुभकामनाएं

अनुच्छेद 370 हटाए जाने की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत विकास, सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता के मार्ग पर इसी प्रकार आगे बढ़ता रहेगा।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.